पावरग्रिड POWERGRID

अपील प्राधिकारी-सूचना का अधिकार अधिनियम 2005-के अंतर्गत

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**

**एस.सी.ओ. 5-10, सेक्टर -16ए फरीदाबाद, पिन:121002**

**अपील पत्र दिनांक:13.05.2022**

**संदर्भ सं0:** ई.डी./सचिवालय/आर. टी. आई./PMSTL/Meerut/ **दिनांक:**03.06.2022

**लोक प्राधिकारी का नाम** : **पावरग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लिमिटेड, मेरठ-250001**

**<u>आदेश</u>**

आर. टी. आई. प्रार्थना पत्र दिनांक 14.03.2022 जो कि **श्री धर्मेंद्र सिंह एड्वोकेट, सी. ओ. आफिस के बराबर में तहसील कम्पाउंड गढ (हापुड)** से पोस्टल ऑर्डर न. 56F 937233 के साथ प्राप्त हुआ, जिसके माध्यम से आर.टी.आई. अधिनियम, 2005 के अंतर्गत जानकारी चाही है ।

नियम 19(1) के तहत अपीलार्थी द्वारा अपने अपील पत्र दिनांक 13.05.2022 (प्राप्ति दिनांक 19.05.2022) के माध्यम से पुन: जानकारी देने के लिए आग्रह किया है । इस सम्बंध में अपील पत्र मिलने के उप्रांत सम्बंधित सी. पी. आई. ओ को निर्देशित किया गया कि आर. टी. आई. अधिनियम, 2005 के नियमोनुसार अपीलार्थी द्वारा आ. टी. आई. प्रार्थना पत्र दिनांक 14.03.2022 के अनुसार बिंदुवार जानकारी दी जाये ।

अब, अधोहस्ताक्षरी के दिशानिर्देशानुसार श्री ए अहमद, सी. पी. आई ओ, **पावरग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लिमिटेड, मेरठ-250001** ने अपने पत्र संदर्भ संख्या:पी.एम.एस.टी.एल/आर.टी.आई./2022/1737 दिनांक 25.05.2022 के द्वारा आर. टी. आई. अधिनियमानुसार बिंदुवार जानकारी दे दी है । अत: आपके अपील पत्र दिनांक 13.05.2022 की पालना एवं निस्तारण होने के उप्रांत आपके अपील प्रार्थना पत्र को बंद (disposed) किया जाता है ।

**[ए. के. मिश्रा ]**
**कार्यपालक निदेशक, उ.क्षे .I एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकारी**
इ-मेल:akmishra2@powergrid.in, फोन न. 0129-2666301

**प्रतिलिपि :**

**1.श्री धर्मेंद्र सिंह एड्वोकेट, सी. ओ. आफिस के बराबर में तहसील कम्पाउंड गढ (हापुड) (मो. न.8755811110)** : आपके अपील पत्र दिनांक 13.05.2022, पोस्टल ऑर्डर न. 56F 937233 के संदर्भ में ।

**2.श्री ए अहमद, सी. पी. आई ओ, पावरग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लिमिटेड, मेरठ-250001:** सूचना एवं रिकार्ड हेतु ।

**3.श्री राजेश वी., मुख्य महाप्रबंधक (पी.ई.एस.एम्/परियोजना) एवं अधिकृत सी पी आई ओ, पावरग्रिड उ.क्षे.I:** सूचना हेतु ।

पावरग्रिड
POWERGRID

पावरग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लिमिटेड
(पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, भारत सरकार का उद्यम)
POWERGRID MEERUT SIMBHAVALI TRANSMISSION LIMITED
(A wholly owned subsidiary of Power Grid Corporation of India Limited, A Government of India Enterprise)

कार्यालय : प्लॉट नं0 1, पॉकेट–एन, गंगानगर, मेरठ–250001 (उ0 प्र0) / Office : Plot No. 1, Pocket-N, Ganga Nagar, Meerut-250001 (UP). Ph. : 0121-7962557
CIN :U40106DL2019GOI351476

संदर्भ: पी.एम.एस.टी.एल/आर.टी.आई./2022/1737 दिनांक:**25.05.2022**

सेवामें,

**श्री धर्मेन्द्र सिंह**

**सी ओ ऑफिस के बराबर में,**

तहसील- गढ़मुक्तेश्वर

**जिला** - हापुड़ (उ०प्र० )

**विषय** :जन सूचना अधिकार अधिनियम के अधीन आपके अपील पत्र दिनाँक13.05.2022के संदर्भ में।

महोदय,

आपके अपील पत्र दिनांक 13.05.2022 जो कि प्रथम अपील प्राधिकारी के कार्यालय में दिनांक 19.05.2022 को प्राप्त हुआ । अपील पत्र के माध्यम से आपने अपने आर. टी. आई. प्रार्थना पत्र दिनांक 14.03.2022 जो कि पोस्टल ऑर्डर न.56F 937233के साथ भेजा है,के अनुसार बिंदुवार जानकारी चाही है । इस अनुसार प्रथम अपील प्राधिकारी के दिशानिर्देशानुसार बिंदुवार जानकारी निम्न है:

| बिंदु न. | बिंदु द्वारा मांगी गई जानकारी | PMSTL द्वारा दी गई जानकारी |
|---|---|---|
| 1 | यह कि मुरादनगर सिमभवाली ट्रांसमिशन 400 के०वी० पारेषण लाइन निर्माण हेतु टावर निर्माण के समय जो कटाव के लिए प्रतिबंधित पेड़ आम, नीम, शीशम, सागोन, खैर आदि पेड़ जो कट चुके हैं जिन्हें काटने की परमिशन वन विभाग से ली गयी है किसानो का नाम पेड़ो की संख्या और खसरा न० सहित सूची प्रदान करें । | निर्माण के समय कोई भी प्रतिबंधित पेड़ नहीं कटे गये हैं । |
| 2 | यह की अब वर्तमान में कितने प्रतिबंधित पेड़ कटाव के लिए लाइन के निचे और R.O.W के अंतर्गत आते हैं । कृषकों के नाम पेड़ों की संख्या और खसरा न० सहित सूची प्रदान करें । | अभी काटने वाले पेड़ों की सूचो का आंकलन किया जा रहा है । |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | यह की कितने पेड़ इपिल पापुलर, युकेल्यप्टस, बकायन आदि के अप्रतिबंधित जो लाइन निर्माण हेतु टावर लगते समय कट चुके हैं या वर्तमान में लाइन के नीचे R.O.W के अंतर्गत आते हैं जिन्हें कटा जायेगा की सूची किसानों के नाम पेड़ों की संख्या उनकी उम्र और खसरा संख्या उनकी उम्र और खसरा न० सहित बताने का कष्ट करें । | जिनका नोटिस कट चूका है उनकी सूची संलग्न है और बचे हुए हिस्से में कटने वाले पेड़ों का आंकलन किया जा रहा है । |
| 4 | यह कि प्रतिबंधित पेड़ काटने हेतु जो परमीशन वन विभाग द्वारा दी गयी उसकी प्रतिलिपि प्रदान करें । | सूची का आंकलन किया जा रहा है । |
| 5 | यह कि यदि बिना अनुमति प्रतिबंधित पेड़ों को काटने हेतु कोई शासनादेश आपके पास है तो उसकी प्रतिलिपि प्रदान करने का कष्ट करें । | बिना अनुमति के कोई भी पेड़ नहीं काटा गया है । |

**जानकारी:** भारत का राजपत्र, केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण (नई दिल्ली) की अधिसूचना दिनांक 20.09.2010 जो कि उधृत किया गया है, केन्द्रीय विद्युत् प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है और इसे इस वेबसाइट से कोई भी डाउनलोड कर सकता है । अतः आप भी उक्त वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं ।

धन्यवाद।

**भवदीय**

**[ए.अहमद]**

**सी. ई. ओ. एवं पदनामित सी. पी. आई. ओ**

**पी.एम.एस.टी.एल,मेरठ**

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

विभागीय प्रथम अपीलीय अधिकारी / श्री ए.के. मिश्रा कार्यकारी निदेशक उ०क्षे० ~~मुख्यालय~~ प्रथम अपीलीय अधिकारी पावरग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड उ० क्षे० मुख्यालय S.C.O बे संख्या 5-10 सेक्टर 16 A फरीदाबाद हरियाणा 121002 के समक्ष धारा 19(1) के अन्तर्गत प्रथम अपील —

1. अपील करने वाले का नाम - चौ० धर्मेन्द्र सिंह एडवोकेट
2. अपील करने वाले का पता - सी०ओ० आफिस के बराबर मे तहसील कम्पाउंड गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)
3. लोक सूचना अधिकारी का नाम — श्रीमान सी०ई०ओ० महोदय
4. लोक सूचना अधिकारी का पता — पावरग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लि० प्लाट -1 पाकेट एन. गंगानगर मेरठ
5. लोक सूचना अधिकारी को प्रार्थना पत्र देने की तिथि — 14/03/2022
6. सूचना हेतु समय — 14/04/2022
7. अपील का आधार —
   (अ) क्या निर्धारित समय मे सूचना प्राप्त नही हुई
   कोई सूचना नही दी गयी
   (ब) क्या लोक सूचना अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट है।
   कोई सूचना न मिलने के कारण संतुष्ट / असंतुष्ट का प्रश्न ही नही
   (स) अपील का आधार
   कोई सूचना न भेजे जाना
8. अपील दाखिल करने हेतु समय — 14/05/22
9. मांगी गयी सूचना का विवरण — (1) प्रार्थना पत्र दिनांक 14/03/22 की प्रति
   (2) रजिस्ट्री रसीद की प्रति

दिनांक
13/5/22

प्रार्थी / अपीलार्थी
[signature]
चौ० धर्मेन्द्र सिंह एडवोकेट
सी०ओ० आफिस के बराबर मे तहसील कम्पाउंड गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़
Mob No. 8755811110

CH. DHARMENDRA SINGH
Advocate
Reg. No.: U.P. 08321/09
Civil Court, Garhmukteshwar (Hapur)
Mob.: 8755811110

प्रेषक - चौ० धर्मेन्द्र सिंह एडवोकेट सी०ओ० आफिस के बराबर में तहसील गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़

प्रेषित - श्रीमान जन सूचना अधिकारी / श्रीमान सी०ई०ओ० महोदय पावर ग्रिड मेरठ सिम्भावली ट्रांसमिशन लि० प्लाट नं० । पाकेट ग० । गंगानगर मेरठ

विषय - जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के अधीन प्रार्थना पत्र -

कृपया मुझे मुरादनगर सिम्भावली ट्रांसमिशन 400के०वी० पावर लाईन निर्माण के समय टावरो और R.O.W के अन्तर्गत आये पेडो के सम्बन्ध में निम्न सूचना / जानकारी / उपलब्ध दस्तावेजों की प्रति समयावधि के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

(1) यह कि मुरादनगर सिम्भावली ट्रांसमिशन 400के०वी० लाईन निर्माण हेतु टावर निर्माण के समय जो कटान के लिए प्रतिबन्धित पेड आम नीम शीशम सागौन, खैर आदि पेड जो कट चुके है। जिन्हे काटने की परमीशन वन विभाग से ली गयी किसानो का नाम पेडो की संख्या और खसरा नम्बर सहित सूची प्रदान करे।

(2) यह कि अब वर्तमान मे कितने प्रतिबन्धित पेड कटान के लिए लाईन के नीचे और R.O.W के अन्तर्गत आते है। कृषको के नाम पेडो की संख्या और खसरा नम्बर सहित सूची प्रदान करे।

(3) यह कि कितने पेड पीपल पापुलर, युकेलिप्टिस बकायन आदि के अप्रतिबन्धित जो लाईन निर्माण हेतु टावर लगाते समय कट चुके है / या वर्तमान मे लाईन के नीचे R.O.W के अन्तर्गत आते है। जिन्हे काटा जायेगा की सूची किसानो के नाम पेडो की संख्या उनकी उम्र और खसरा नम्बर सहित बताने का कष्ट करे।

(4) यह कि प्रतिबन्धित पेड काटने हेतु जो परमीशन वन विभाग द्वारा दी गयी उसकी प्रतिलिपि प्रदान करे।

(5) यह कि यदि बिना अनुमति प्रतिबन्धित पेडो को काटने हेतु कोई शासनादेश आपके पास है तो उसकी प्रतिलिपि प्रदान करने का कष्ट करे।

अतः श्रीमान जी से सानुरोध प्रार्थना है कि उपरोक्त सूचना / जानकारी / उपलब्ध दस्तावेजो की प्रति समयावधि मे प्रदान करने का कष्ट करे

दिनांक 14/03/2022

संलग्न - देय शुल्क 10 रूपये का आई०पी०ओ० - 56F937233 साथ संलग्न है।

(हस्ताक्षर)
चौ० धर्मेन्द्र सिंह एडवोकेट
सी०ओ० आफिस के बराबर में तहसील गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)
Mob No 8755811116

RU032253947IN IVR:8285032253947
RL GARH TOWN SO <245205>
Counter No:1,14/03/2022,12:30
To:C E O PAWAR G,GANGANAGAR
PIN:250001, Meerut Cantt HO
From:CH DHARMEND,GARH
Wt:10gms
Amt:22.00(Cash)
<Track on www.indiapost.gov.in>
<Dial 18002666868> <Wear Masks, Stay Safe>

RU032253828IN IVR:8285032253828
RL GARH TOWN SO <245205>
Counter No:1,14/03/2022,12:30
To:C E O PAWARGI,GANGANAGAR
PIN:250001, Meerut Cantt HO
From:CH DHARMEND,GARH
Wt:10gms
Amt:22.00(Cash)
<Track on www.indiapost.gov.in>
<Dial 18002666868> <Wear Masks, Stay Safe>

RU032253709IN IVR:8285032253709
RL GARH TOWN SO <245205>
Counter No:1,14/03/2022,12:30
To:C E O PAWAR G,GANGANAGAR
PIN:250001, Meerut Cantt HO
From:CH DHARMEND,GARH
Wt:10gms
Amt:22.00(Cash)
<Track on www.indiapost.gov.in>

To, श्रीमान प्रथम अपीलीय अधिकारी/
श्रीमान एन॰के॰ मिश्रा कार्यकारी निदेशक
उ॰क्षे॰ पावरग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया
लि॰ उ॰क्षे॰ मुख्यालय S.C.O संख्या 5-10
सेक्टर 16A फरीदाबाद हरियाणा
Pin. 121002
634

19 MAY 2022
R
RU331100846IN

प्रेषक- श्री धर्मेन्द्र सिंह एडवोकेट
सी. ओ. ऑफिस के बराबर में
तहसील कम्पाउण्ड गढ़ (हापुड़)
Mob.No. 8755811110